भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1249
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ शहर में प्रसाद योजना की स्थिति

1249. श्री संतोष पान्डेय:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ शहर में कार्यान्वित की जा रही तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार को इससे संबद्ध कार्य-एजेंसी की अनियमितताओं के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ग) यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) निर्धारित तिथि के बाद भी कार्य पूरा न होने के क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त कार्यों के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने वर्ष 2020-21 में प्रशाद (तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान) योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में 43.33 करोड़ रु. की राशि से ''मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास'' नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी है । राज्य द्वारा 20.49 करोड़ रु. की राशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है और इस मामले में मंत्रालय द्वारा अभी तक 24.33 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है ।

प्रशाद एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है । इस योजना के तहत परियोजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा अपनी एजेंसियों के माध्यम से किया जाता है । छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्हें इस परियोजना से संबंधित एजेंसी की अनियमितताओं से संबंधित कोई भी शिकायत नहीं मिली है । कार्य का निष्पादन लेआउट में परिवर्तन, कोविड महामारी और अदालती मामले आदि के कारण प्रभावित हुआ है । इस परियोजना के निष्पादन के लिए संशोधित समय-सीमा दिसम्बर, 2023 है ।

*****